# अमर उजाला

## Baghpat: दिल्ली भेजा जा रहा था पांच लाख का नकली मावा, खाद्य विभाग ने पकड़ी बड़ी खेप, 13 क्विंटल नष्ट कराया




बागपत के छपरौली क्षेत्र में खाद्य विभाग ने मिलावटखोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली भेजे जा रहे 1300 किलो मिलावटी मावा और 25 किलो अरारोट बरामद किया। प्राथमिक जांच में मावा मिलावटी पाए जाने पर करीब पांच लाख रुपये मूल्य की पूरी खेप को गड्ढा खुदवाकर जमीन में दबाकर नष्ट करा दिया गया। मामले में पकड़े गए पांच लोगों का शांतिभंग में चालान किया गया है, जबकि मावे के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

### दो वाहनों में भरकर दिल्ली ले जाया जा रहा था मावा

सहायक खाद्य आयुक्त डीपी सिंह और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि रविवार को सूचना के आधार पर छपरौली-टांडा मार्ग पर जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान लूंब गांव की भट्ठी से तैयार होकर दिल्ली भेजे जा रहे दो कैंटर रोके गए।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/baghpat/baghpat-1-300-kg-adulterated-khoya-meant-for-delhi-destroyed-after-food-department-raid-2026-07-06